# एकल संदेश

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
26 वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

अक्टूबर-दिसंबर, 2024


## भारत लोक शिक्षा परिषद् के सोनीपत चैप्टर का उद्घाटन




भारत लोक शिक्षा परिषद्, सोनीपत चैप्टर का भव्य उद्घाटन रविवार, 8 दिसंबर 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सोनीपत के प्रतिष्ठित समाजसेवियों सहित लगभग 200 बन्धुओं ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री महिपाल ढांडा जी (शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार) को गदा भेंट कर एकल हनुमान बनाया गया | एकल के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने एकल विद्यालय हेतु 5 लाख रुपये के सहयोग का संकल्प लिया और भविष्य में इस सहयोग राशि को बढ़ाने एवं एकल से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की | साथ ही सोनीपत चैप्टर के प्रधान श्री महेंद्र कुमार गोयल जी ने इस वर्ष चैप्टर की ओर से 500 एकल विद्यालयों के सहयोग का संकल्प लिया | सोनीपत के चैप्टर के गठन की घोषणा के साथ पूरी चैप्टर टीम का पटके और शाल पहनाकर स्वागत किया गया |

BLSP के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं सोनीपत चैप्टर के प्रभारी श्री नीरज रायजादा जी ने एकल प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को विस्तार से एकल के कार्यों के बारे में बताया और आज एकल क्यों जरुरी है इसके बारे में भी विस्तार से सभी को समझाया |





श्री अखिल कुमार गुप्ता जी ने सोनीपत चैप्टर टीम को बधाई दी और कहा कि जिस जोश और उत्साह के साथ सोनीपत चैप्टर कार्य कर रहा है, निश्चित ही अपने लक्ष्य को समय से पहले ही पूरा कर लेगा |

इस समारोह में एकल युवा बैंड ने देश भक्ति के गाने गाकर सभी में जोश और उत्साह भर दिया

# BLSP, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा भव्य कार्यक्रम "द्रौपदी" का आयोजन





भारत लोक शिक्षा परिषद्, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा 13 अक्टूबर 2024 को NDMC कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में शिक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए श्री विनीत कुमार गुप्ता (ट्रस्टी), श्री बासुदेव गर्ग (चेयरमैन) श्री जगमंदर गुप्ता (प्रधान), श्री राम बिलास बंसल (उप प्रधान), श्री वेंकटेश गुप्ता (उप प्रधान), श्री अशोक अग्रवाल (महामंत्री), महिला विभाग एवं दक्षिणी दिल्ली चैप्टर टीम के नेतृत्व में 'द्रौपदी' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 लोगों ने भाग लिया | दीप प्रज्वलन एवं एकल गीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई |

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने के लिए समाज के प्रतिष्ठित दानदाता बंधुओं को एकल से जोड़ना, एकल का प्रचार-प्रसार करना एवं एकल विद्यालय के लिए धन संग्रह करना था।

कार्यक्रम में एकल विद्यालय के लिए समर्पित भाव से सहयोग करने वाले समाज के प्रतिष्ठित महाशतकवीर, शतकवीर, दानदाता बंधुओं एवं गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया जो एकल विद्यालय के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं | कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोहर लाल जी (हल्दीराम ग्रुप) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई |

इस कार्यक्रम में प्रसिद्द कलाकार, चित्रकार, कवयित्री एवं अदाकारा अंजना चांडक द्वारा दिल को छू लेने वाले एकांकी नाटक द्रौपदी का मंचन किया गया | इसके माध्यम से धर्म एवं संस्कृति से जुड़े हुए बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया, जिसे देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गये।





**श्री नीरज रायजादा (राष्ट्रीय चेयरमैन, BLSP)** ने एकल प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि एकल समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में किस तरह से योगदान कर रहा है| उन्होंने बताया कि गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए युवा पीढ़ी के हाथों में सेवा एवं समर्पण की मशाल दी जानी चाहिए |

**कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री माधवेंद्र सिंह जी (केन्द्रीय संगठन प्रभारी, एकल अभियान)** ने अपने संबोधन में कहा कि केवल शिक्षित होना बहुत बड़ी बात नही है यदि हम देश और समाज को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो केवल शिक्षा से काम नही चलेगा शिक्षा के साथ -साथ संस्कार भी जरुरी है और इसी कार्य को करने के लिए एकल अभियान कार्यरत है | उन्होंने बताया कि आज हम यह कह पाने में संतोष का अनुभव कर पा रहे हैं कि जिस गांव में एकल अभियान पहुँच गया है वहां पर धर्मांतरण पूर्ण रूप से बंद हो चुका है |






**श्री जगमंदर गुप्ता (प्रधान, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर)** ने कार्यक्रम में आये हुए सभी बंधुओं का स्वागत और धन्यवाद किया साथ ही राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एकल अभियान से जुड़ने एवं एकल विद्यालय में सहयोग करने के लिए अपील भी की |

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी, केन्द्रीय संगठन प्रभारी श्री माधवेंद्र सिंह जी, ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी, ट्रस्टी श्री विनीत कुमार गुप्ता लोहिया जी, ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी, ट्रस्टी श्री सुभाष सी अग्रवाल जी, ट्रस्टी श्री जी. डी. गोयल जी, राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर के पदाधिकारी एवं अन्य सभी संगठनों से आये हुए सम्मानित महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# BLSP, सीएसआर कमेटी द्वारा पूर्वोत्तर भारत में एकल विद्यालय की वनयात्रा






सीएसआर कमेटी द्वारा 2 से 6 अक्टूबर 2024 तक पूर्वोत्तर भारत की वनयात्रा की गयी | इस वनयात्रा में कुल 36 लोग शामिल हुए जिसमें से कुल 21 नए सदस्य थे | वनयात्रा का मुख्य उद्देश्य एकल द्वारा संचालित विद्यालयों को प्रत्यक्ष रूप से देखना, विद्यालय की संचालन प्रणाली को समझना, नए सदस्यों को जोड़ना, समिति सदस्यों को सक्रिय करना, दानदाताओं को दान के लिए प्रोत्साहित करना और पूर्वोत्तर भारत की ग्रामीण संस्कृति को जानना भी था |

इस वनयात्रा के माध्यम से सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को एकल को अच्छी तरह से समझने तथा व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने में मदद मिली | सभी वनयात्री एकल विद्यालय को देखकर बहुत प्रभावित हुए और एकल विद्यालय से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की | दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में जहाँ पर आसानी से पहुंचना मुश्किल होता है, बहुत कम संसाधन उपलब्ध हैं वहां पर एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं, निश्चित रूप से राष्ट्र निर्माण का इससे बड़ा कार्य और कुछ नही हो सकता है |





अनुभव कथन –

**श्री विजय कपूर जी (CSR Head)** -एकल के इन छोटे छोटे प्रयासों से समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है, इन परिवर्तनों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला जोकि बहुत ही सुखद रहा |

**श्रीमती सवीना वासुदेव जी (चेयरमैन, CSR महिला कमेटी)** – जिन गांवों में अच्छी सड़कें भी नही हैं वहां पर एकल विद्यालय का संचालन देखकर बहुत आश्चर्य हुआ, बच्चों ने जो वंदेमातरम् गाकर सुनाया और योग करके दिखाया वह बहुत अच्छा लगा |

# दक्षिण हिमाचल – संभाग की अध्ययन यात्रा..............एक अनुभव




हम पति-पत्नी (राजीव अग्रवाल एवं माधुरी अग्रवाल) वर्ष में एक या दो बार एकल के अंचलों में, वनवासी क्षेत्रों में प्रवास पर जाते हैं। इस बार दिनांक 15 से 21 अक्टूबर, 2024 के दौरान हमने दक्षिण हिमाचल संभाग के पांच अंचलों (कुमारसेन, रामपुर, किन्नौर, रोहरू एवं शिलाई) में प्रवास किया।

इस प्रवास का उद्देश्य समिति बंधुओं और कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना और दानदाता संबंधित जानकारियों को समय से उपलब्ध कराने के प्रति जागरुक करना था। समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जैसे कि गूगल एप के माध्यम से विद्यालय की जानकारी उपलब्ध कराना, विद्यालयों एवं IVD केन्द्रों की गुणवत्ता, समिति बंधुओं का प्रवास एवं उनकी कार्यकर्ताओं के प्रति अविभावक की भूमिका, ग्राम समिति को सुदृढ़ करना, प्रगत संच, स्वावलंबन आदि।

इस प्रवास में हम एकल विद्यालय (ठान्डा, मठेयोग, छितकुल एवं ध्वालसा), अंचल, संच एवं ग्राम केन्द्र (ठान्डा, कुमारसेन, रामपुर, टापरी, चिटकुल, ध्वालसा, मठेयोग, रोहरू, एवं टिम्बी) और IVD केन्द्र (रोहरू एवं टिम्बी) में गए। पौंटा साहिब में हमने BLSP चैप्टर बनाने के लिए भी प्रयास किया।

माननीय श्याम जी कहते हैं कि एकल की ताकत परिवार संपर्क एवं पारिवारिक भाव है। पारिवारिक मिलन के उद्देश्य से हमने समिति एवं कार्यकर्ताओं के परिवारों से स्नेह मिलन किया।





**1. दुर्गम पहाड़ी रास्ते-** जब हम ठान्डा एकल विद्यालय में जाने लगे तो रास्ता कच्चा, खड़ा एवं संकरा था। जाते वक्त तो ढलान थी पर लौटते वक्त मोड़ पर तीन बार गाड़ी बंद हुई और उतरकर हमें धक्का लगाना पड़ा। छह किलोमीटर का कठिन रास्ता कार से लगभग पोने घंटे में तय किया। इसी तरह से श्रीमती दिशा जी, संभाग सचिव दक्षिण हिमाचल के घर एवं श्री सुनील ठाकुर जी, प्रभाग प्रमुख के घर का रास्ता भी बहुत विकट था। श्री दीप कुमार जी, केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख के घर जाने के लिए तो हमें कार्यकर्ताओं के हाथ पकड़कर पहाड़ी पर पैदल चढ़ना पड़ा।

**2. विद्यालयों की गुणवत्ता** - सभी विद्यालयों में हमने पाया कि ब्लैकबोर्ड, डोनर बोर्ड, सरस्वती जी, भारत माता एवं हनुमान जी के चित्र, भारत का नक्शा, वर्णमाला एवं गिनती चार्ट आदि व्यवस्थित लगे थे। हमने अनुभव किया कि विद्यालयों में एकल पाठ्यक्रम की पूर्णता है। मठेयोग विद्यालय के विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् के पांचों पैराग्राफ गाके सभी को अचंभित कर दिया। छिटकुल गाँव (चीन सीमा पर) के विद्यार्थियों के उत्साह और भागीदारी देखकर मन मुग्ध हो गया।



**3. समिति बंधु एवं कार्यकर्ता की कर्मठता और प्रवास -** हिमाचल की समिति अधिकतर सक्रिय हैं। श्री सिकंदर औक्टा जी संभाग अध्यक्ष, श्रीमति दिशा सुमी जी संभाग सचिव, श्रीमति प्रतेश्वरी जी, श्री बलजिंदर ठाकुर जी एकल फ्यूचर हिमाचल, श्री सुनील ठाकुर जी प्रभाग प्रमुख, श्री अजय गश्टा जी संभाग प्रमुख, श्री मोहन रांगटा जी संभाग खेल प्रशिक्षक आदि की कर्मठता, एकल के प्रति समर्पण और उनका राष्ट्र भावना से ओतप्रोत होना हमारे लिए प्रेरणादायक था।






**4. स्वागत एवं सम्मान -** जिस गांव या अंचल केंद्र में हम गए, महिलाओं ने तिलक, फूल आदि से हमारा स्वागत किया।

**5. परंपरागत वेशभूषा -** छितकुल (देश का प्रथम गाँव, चीन बॉर्डर पर) के विद्यालय में बच्चे तिब्बती वेशभूषा में अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। ध्वालसा विद्यालय एवं रामपुर अंचल बैठक में कुछ महिलाएं परंपरागत परिधान एवं सिंगार से आई थीं। उन्हें देखकर, मेरा (माधुरी अग्रवाल) भी मन कर आया और रामपुर अंचल बैठक में मैंने भी परंपरागत हिमाचली सिंगार किया।



**6. सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या -** जिस गांव में भी हम गए और जिस बैठक में हमने भाग लिया, सभी ने बहुत उत्साह से कार्यक्रम का समापन पारंपरिक तरीके से हिमाचली गीत-संगीत और भजन से बैठक का समापन किया |



**7. पारिवारिक मिलन -** रामपुर में श्रीमती दिशा सुमी जी, सचिव संभाग दक्षिण हिमाचल एवं श्रीमती स्वाति बंसल जी, संरक्षक एकल युवा फ्यूचर दक्षिण हिमाचल, रोहरु में श्री दीप कुमार जी, सह-अभियान प्रमुख और शिलाई पाव में श्री सुनील ठाकुर जी प्रभाग अभियान प्रमुख P-6 के परिवारों से मिलना बहुत सुखद रहा। श्री सुनील ठाकुर जी के पिता जी ने बताया कि लगभग 100 परिवार के लोग साथ-साथ रहते हैं। आज के नगरीय समाज में जहां हम दो हमारे दो का चलन है, 100 का संयुक्त परिवार का सुनकर सुखद आश्चर्य हुआ।

दुर्गम स्थानों में प्रवास की कठिनाइयों को देखकर आज हमें माननीय श्याम जी गुप्त एवं तेजस्विनी मंजु दीदी की तपस्या की याद आई, जिन्होंने दूरदराज ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में सेवाव्रतियों को एकल के काम के लिए तैयार किया और एकल को विश्व का सर्वश्रेष्ठ और सबसे बड़ा राष्ट्र निर्माण का अभियान बनाया | हम उनको हृदय से नमन करते हैं।

आदरणीय श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड (BLSP & EGF) की प्रेरणा से हम लगातार प्रवास पर जा रहे हैं। हम सात दिन सुबह आठ बजे से रात नौ-दस बजे तक प्रवास पर, एकल संगठन देखकर उत्साहित रहे और जरा भी नहीं थके।

यह अध्ययन यात्रा हमारे लिए अविस्मरणीय रही।

# भारत लोक शिक्षा परिषद् युवा विभाग द्वारा एकल रन 3.0 का आयोजन






एकल युवा BLSP द्वारा जन-जन तक अभियान के पुनीत कार्य को पहुंचाने के लिए रविवार, 1 दिसंबर 2024 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में 'एकल रन 3.0' का सफल आयोजन किया गया | जिसमें देश विदेश से आये हुए रनर्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

एकल युवा BLSP के चेयरमैन श्री यतिन जैन, प्रधान श्रीमती ईशा जैन, महामंत्री श्री सागर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती विधि गोयल सहित पूरी युवा टीम के प्रयास से इतना बड़ा कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल हो पाया |

युवा टीम ने जिस सकारात्मक, समयबद्ध एवं संगठित रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है, वह बहुत ऊर्जादायक रहा। युवा टीम की इस लगन को देखकर ऐसा लगा कि अब यह एकल की मशाल को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पूरी युवा टीम को इस अपार सफलता के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी |






**श्री अखिल गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP) -**
"इतने बड़े भव्य आयोजन के लिए पूरी युवा टीम को बहुत-बहुत बधाई, एकल रन के माध्यम जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।"

**श्रीमति ईशा जैन (प्रधान, एकल युवा, BLSP ) -**
"एकल रन 3.0 के माध्यम से हजारों की संख्या में युवा एकल अभियान से जुड़ रहे हैं और एकल अभियान के कार्यों को युवाओं तक पहुंचाने में एकल रन सफल हो रहा है।

# प्रभाग कार्य समीक्षा एवं समन्वय बैठक (PKS)-2 का एकल भवन में प्रत्यक्ष रूप से सफल आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद् की प्रभाग कार्य समीक्षा एवं समन्वय बैठक (PKS -2) केंद्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2 बजे से एकल भवन, पीतमपुरा, दिल्ली में संपन्न हुई |

इस बैठक में भारत लोक शिक्षा परिषद् की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं उप प्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, एकल अभियान की ओर से सह-अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार जी, केन्द्रीय कार्यकर्ता प्रमुख श्री मनोहर लाल जी, केंद्रीय अर्थ विभाग प्रमुख श्री धीरज गुप्ता जी, प्रभाग-5 की अध्यक्षा श्रीमती गार्गी चौहान जी, संभाग उपाध्यक्ष श्री अमित गोयल जी, प्रभाग-6 के अध्यक्ष श्री अशोक महाजन जी, संभाग अध्यक्ष श्री सिकंदर ओक्टा जी एवं भारत लोक शिक्षा परिषद् के प्रभाग एवं संभाग के कार्यकर्ताओं सहित 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया |





**केंद्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी** ने सभी समिति एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार होने का आह्वान किया और कार्यकर्ताओं से गूगल फॉर्म के माध्यम से होने वाली रिपोर्टिंग में 10% की वृद्धि करने की अपील भी की, उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि हमारे सभी निर्णय एवं सूचनाएं ग्राउंड लेवल पर पहुंचे, इसका हमें ध्यान करना चाहिए|

**राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी** ने विद्यालय की गुणवत्ता, विद्यालय के नियमित संचालन, मासिक वर्ग, प्रशिक्षण, गूगल फॉर्म के माध्यम से रिपोर्टिंग, दानदाता बंधुओं को रिपोर्टिंग, CSR & PSU'S को विद्यालय की रिपोर्ट देने में आने वाली गंभीर समस्याओं से सभी को अवगत कराया और समाधान पर चर्चा भी की|

**प्रभाग-5 की अध्यक्षा श्रीमती गार्गी चौहान जी** ने विद्यालय की गुणवत्ता की निगरानी और अंचल एवं संभाग की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए और उसका केयर पॉइंट बनाना चाहिए तभी हमारे कार्यों में गुणात्मक सुधार हो सकता है|

इस बैठक में समिति के बंधुओं ने अपने विचार प्रकट किये और संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की |

इस बैठक में एकल अभियान, फिल्ड एवं समिति के अध्यक्ष सहित कई अन्य प्रमुख बंधुओं ने भाग लिया |

इस बैठक का बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा| फलस्वरूप सभी कार्यकर्ताओं ने एकल विद्यालय की गुणवत्ता को सुधारने, विद्यालय के नियमित संचालन एवं गूगल रिपोर्टिंग में वृद्धि करने का संकल्प लिया| साथ ही उनमें उत्साह जगा और अभियान की गति को मजबूत करने के लिए प्रेरित भी हुए, जिसका सुखद परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा |



## DF क्लब और भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा Professional Meet-Cum-Diwali Celebration का आयोजन

DF क्लब और भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल अभियान द्वारा Professional Meet-Cum-Diwali Celebration कार्यक्रम का आयोजन 28 अक्टूबर 2024 को SCOPE ऑडीटोरियम, लोधी रोड नई दिल्ली-110003 में किया गया | जिसमें 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया | इस कार्यक्रम में अधिकांशतः वित्त निदेशक, सीए, PSU's से जुड़े हुए लोग एवं भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्टी, मैनेजिंग कमेटी एवं चैप्टर के पदाधिकारी सहित कई प्रमुख गणमान्य महानुभाव शामिल हुए |

इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकल का प्रचार-प्रसार करना एवं DF क्लब के साथ समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लोगों को एकल के साथ जोड़ना और उन्हें एकल के राष्ट्रनिर्माणकारी पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए प्रेरित करना था |







**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ गिरीश आहूजा जी (टैक्स गुरु) -** ने अपने संबोधन में पारिवारिक संपत्तियों के बंटवारे, संपत्तियों के उत्तराधिकारी, पारिवारिक समस्याओं आदि समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डाला |

**श्री बजरंग लाल बागड़ा जी (अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, विश्व हिन्दू परिषद्) -** ने बताया कि एकल से बढ़िया कोई और इन्वेस्टमेंट नही हो सकता | शहरों में तो काम करना आसान है परन्तु दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करना चुनौतियों से भरा हुआ है उन चुनौतियों को पार करते हुए एकल राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है |

श्री मनोज मिश्रा (प्रेसिडेंट, डीएफ क्लब) ने कहा कि भारत लोक शिक्षा परिषद् के साथ मिलकर कार्य करना राष्ट्र और समाज को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, एकल के साथ जुड़कर कार्य करना मेरे लिए एक नया प्रयोग है, एकल बहुत अच्छा कार्य कर रहा है इससे जुड़कर डीएफ क्लब को बहुत प्रेरणा मिलेगी |

**श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड, भारत लोक शिक्षा परिषद्) -** ने कहा कि दान हमेशा उन्हें ही देना चाहिए जो दान के असली हकदार हैं और हमारे साथ जो भी PSU's, कॉर्पोरेट, या अन्य दानदाता जुड़े हुए हैं उनको पूर्ण विश्वास है कि एकल वास्तव में असली हक़दार है, इसलिए एकल में वे निःसंकोच सहयोग करते हैं |

इस कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी, ट्रस्टी श्री विनीत कुमार गुप्ता जी, ट्रस्टी नरेश कुमार जी, ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी, ट्रस्टी श्री डी.के. सर्राफ जी, मैनेजिंग कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, CSR कमेटी से श्री प्रवीण कान्त जी (Chairman, CSR PSU Committee), श्री राज चावला जी (Chairman, CSR Corp. committee), श्री करण गर्ग जी (Vice President, CSR Committee) श्री विजय कपूर जी (CSR Head), श्री अभय चंडालिया जी (Member CSR Committee) एवं अन्य कई गणमान्य महानुभावों ने भाग लिया |

# एकल भवन में दीपावली पूजन का भव्य आयोजन

एकल भवन, पीतमपुरा, दिल्ली में मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 को एकल दीपावली पूजन का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, एकल भारत एवं एकल श्रीहरि के पदाधिकारियों और सभी ऑफिस स्टाफ, एकल कार्यकर्ताओं ने मिलकर पूजा करके दीपोत्सव मनाया| सनातन परंपरा के अनुसार श्री लक्ष्मी-गणेश जी की विधि-विधान के साथ पूजा की गयी | शिक्षित एवं समृद्ध भारत के निर्माण की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए एकल अभियान द्वारा किये जा रहे राष्ट्र निर्माण के इस पुनीत कार्य की समृद्धि एवं इसके अपार सफलता हेतु प्रार्थना की गयी |



इस कार्यक्रम में हम सभी की प्रेरणा स्रोत तेजस्वनी प्रो. मंजू श्रीवास्तव 'दीदी जी' (प्रेसिडेंट, एकल संस्थान), एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के प्रधान श्री रमेश कानोडिया जी, भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायज़ादा जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी, राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री बृज मोहन अग्रवाल जी, सेंट्रल दिल्ली के प्रधान श्री पवन अग्रवाल जी, उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रधान श्री राजेश मित्तल जी, राष्ट्रीय महिला विभाग की उप प्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, मैनेजिंग कमेटी की सदस्य डॉ कीर्ति गोयल जी, उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग की वाईस चेयरमैन श्रीमती सुमन रायजादा जी, एकल युवा BLSP की प्रेसिडेंट श्रीमती ईशा जैन जी, एकल श्रीहरि के कार्याध्यक्ष श्री मुरारी लाल अग्रवाला जी, महामंत्री श्री अजय केडिया जी एवं अन्य बंधुओं ने भाग लिया| सभी ने पूजा उपरांत भोजन प्रसाद लिया और आपस में दीपावली की शुभकामनाएं दी |

# एकल का शबरी बस्ती में भजन संध्या का भव्य आयोजन

एकल अभियान का पंचमुखी शिक्षा कार्यक्रम ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण हेतु पिछले 35 वर्षों से कार्यरत है। आज देश में विघटनकारी शक्तियाँ वनवासी क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्रों में भी प्रबलता से कार्य कर रही है। नगरीय समाज को संगठित एवं जाग्रत करने के उदेश्य से एकल सुरताल टीम द्वारा दिल्ली में विभिन्न शबरी बस्तियों में भजन संध्या का कार्यक्रम रक्खा जा रहा है।



इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए शकूरपुर बस्ती, पीतमपुरा, दिल्ली में एक भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन 13 नवम्बर 2024 को अंबेडकर पार्क, शकूरपुर, दिल्ली-110034 में श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री, भारत लोक शिक्षा परिषद्) एवं श्रीमति माधुरी अग्रवाल (उप प्रधान, महिला विभाग, भारत लोक शिक्षा परिषद्) के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 500 लोगों ने भाग लिया | सभी शकूरपुर वासियों ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य शबरी बस्ती वासियों से संपर्क करना, उनको संगठित करना और अपने संस्कारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ एकल का प्रचार-प्रसार करना था |

# ग्रामीण भारत को शिक्षित करने की एक नई पहल : एकल ई-रिक्शा कंप्यूटर लैब के साथ

कानपुर चैप्टर द्वारा 17 जुलाई 2024 को ई-रिक्शा परियोजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य कानपुर देहात के ग्रामीण बच्चों को कम्प्यूटर सिखाना था। वर्ष 2022 से कानपुर देहात में कम्प्यूटर ऑन व्हील बस चल रही है । लेकिन संकरी गलियों में स्थित विद्यालयों तक पहुंचना मुश्किल था इस समस्या के समाधान के लिए एकल कानपुर चैप्टर ने ई-रिक्शा कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया । 120 छात्रों के पहले बैच ने अक्टूबर 2024 में कोर्स पूरा कर लिया है और आज (16 नवंबर 2024) छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये । ई-रिक्शा, जिसमें चार्जिंग स्टेशन लगा हुआ है, शिक्षक और ड्राइवर 10 लैपटॉप के साथ स्कूलों में जाते हैं और छात्रों को उनके क्लास रूम में पढ़ाते हैं । 2 महीने का कोर्स इसके माध्यम से कराया जाता है जिसमें 30-30 छात्रों के 2 बैच रहते हैं ।




**मुख्य अतिथि श्रीमती आकांक्षा सिंह जी (समाज सेविका) -** ने कहा कि डिजिटल साक्षरता समय की मांग है तथा हमें अधिक से अधिक विद्यालयों तक पहुंचकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करना चाहिए । डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी (प्रेसिडेंट, कानपुर चैप्टर, महिला विभाग) ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी । श्री ध्रुव रुइया जी (महामंत्री, कानपुर चैप्टर) ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की जिस मुहिम को हम आगे बढ़ा रहे हैं उसमें तकनीकी शिक्षा भी बहुत जरूरी है और आज एक छोटे से प्रयास से बड़ी संख्या में बच्चे कम्पयूटर शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं । इस कार्यक्रम में श्रीमती नीलम धवन जी, श्रीमती ममता अवस्थी जी, श्रीमती शिखा वैद जी, श्रीमती सविता चावला जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा कॉर्नर मीटिंग का आयोजन



भारत लोक शिक्षा परिषद्, पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा रविवार, 22 दिसंबर 2024 को श्री अनिल गुप्ता जी (Adv. Former Special Counsel Government of India & Member Central Committee Legal Cell- VHP) के निवास स्थान, विवेक विहार, दिल्ली में कॉर्नर मीटिंग का आयोजन किया गया | जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया | बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिष्ठित दानदाता बंधुओं को एकल से जोड़ना, एकल का प्रचार-प्रसार करना एवं एकल विद्यालय के लिए धन संग्रह करना था ।

मुख्य अतिथि के रूप में भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, पूर्वी दिल्ली चैप्टर के संरक्षक श्री योग ध्यान आहूजा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।

बैठक के आयोजक श्री अनिल गुप्ता जी ने एकल से प्रभावित होकर अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम से एक-एक स्कूल का सहयोग एवं श्री राजू भाई दवे जी ने 10 एकल विद्यालयों का सहयोग करने का संकल्प लिया | साथ ही श्री राधेश्याम बंसल जी ने कहा कि वे अपने साथ 21 नए सदस्यों को एकल से जोड़ेंगे | इस बैठक में एकल रन के 4 विजेता प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित भी किया गया |



# भारत लोक शिक्षा परिषद् के गुरुग्राम चैप्टर का उद्घाटन



भारत लोक शिक्षा परिषद्, गुरुग्राम चैप्टर का भव्य शुभारंभ शनिवार, 23 नवंबर 2024 को ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी (प्रभारी, गुरुग्राम चैप्टर), राष्ट्रीय उपप्रधान श्री संजीव टेकड़ीवाल जी (सह प्रभारी, गुरुग्राम चैप्टर) के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें गुरुग्राम के कई प्रतिष्ठित समाजसेवी सहित लगभग 50 लोग उपस्थित रहे|

इस कार्यक्रम में दिल्ली से भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता जी उपस्थित रहे| गुरुग्राम चैप्टर में चेयरमैन श्री मदन गोपाल अग्रवाल जी, चैप्टर के नए प्रधान श्री कृष्ण सिंघला जी, महामंत्री श्री संजय सिंघल जी, कोषाध्यक्ष श्री कैलाश बंसल जी को बनाया गया और नई टीम का स्वागत किया गया|

**श्री संजीव टेकड़ीवाल जी (राष्ट्रीय उपप्रधान, BLSP) -** ने बताया कि एकल राष्ट्र निर्माण का इतना अच्छा कार्य कर रहा है, जिससे शिक्षा के साथ ही साथ संस्कार, स्वावलंबन और जागरण भी लोगों में विकसित हो रहा है| हमारे कार्यकर्ता, समिति के सदस्य, पदाधिकारी, कार्यालय के अथक प्रयास से ही राष्ट्र निर्माण का यह कार्य संभव हो पा रहा है| हमें आशा ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि चैप्टर एकल की गति को बढ़ाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा |





**श्री नीरज रायजादा जी ( राष्ट्रीय चेयरमैन, BLSP) -** ने एकल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एकल के बारे में विस्तार से सभी को बताया और कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जो सशक्त और समृद्ध हो, इसलिए हम कोई भी शुभ कार्य अपने बच्चों के हाथों से करवायें जिससे बचपन से ही उनके मन में भी सेवा और समर्पण का भाव जागृत हो|

कार्यक्रम में शामिल लोग एकल को गहराई से जानने के लिए बहुत उत्सुक थे, श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP) ने सभी के द्वारा पूछे गए सवालों का जबाब देकर सभी की उत्सुकता को शांत किया सभी लोग बहुत संतुष्ट हुए | श्री अखिल गुप्ता जी ने बताया कि एकल का कार्य इतना अच्छा है कि जो एक बार जुड़ा वह इतना प्रभावित हुआ कि कभी अलग नही हो सका |

# भारत लोक शिक्षा परिषद् के सहारनपुर चैप्टर का भव्य उद्घाटन




भारत लोक शिक्षा परिषद्, सहारनपुर चैप्टर का भव्य उद्घाटन मंगलवार, 3 दिसंबर 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सहारनपुर चैप्टर के प्रतिष्ठित समाजसेवियों, उद्योगपति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 60 विद्यालयों के सहयोग का आश्वासन भी प्राप्त हुआ |

कार्यक्रम में श्री राजीव अग्रवाल जी राष्ट्रीय महामंत्री को सहारनपुर चैप्टर प्रभारी, श्री राजेश मित्तल जी उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रधान को सहारनपुर चैप्टर सह प्रभारी, श्री डी. के. बंसल जी को प्रधान, श्री राकेश सैनी जी को कार्यकारी प्रधान, श्री देवेंद्र बंसल जी एवं श्री पंकज बंसल जी को उप प्रधान, श्री आशीष बंसल जी को महामंत्री, श्री राजेश गुप्ता जी को संगठन महामंत्री, श्री आदेश जिंदल जी को संयुक्त संगठन मंत्री एवं श्री अनिल तुली जी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस कार्यक्रम में मधुसूदन घी वाले श्री सुभाष अग्रवाल जी, पूर्व राज्यमंत्री ऊ0 प्र0 श्री संजय गर्ग जी, महापौर सहारनपुर डॉ अजय सिंह जी, इंडियन हर्बलस से श्री सुधाकर अग्रवाल जी, आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर डॉ नवनीत अरोड़ा जी, दिल्ली से भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्टी श्री घनश्याम दास गोयल जी, राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता जी, उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रधान श्री राजेश मित्तल जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।





श्री जी.डी गोयल जी ट्रस्टी भारत लोक शिक्षा परिषद ने एकल अभियान द्वारा देश में हो रहे सकारात्मक सामाजिक परिवर्तनों की जानकारी दी। श्री नीरज रायजादा जी ( राष्ट्रीय चेयरमैन, BLSP) ने एकल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एकल के बारे में विस्तार से सभी को बताया। श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP) ने सहारनपुर नए चैप्टर के गठन पर सभी को शुभकामनाएं दी। श्री राजीव अग्रवाल जी राष्ट्रीय महामंत्री भारत लोक शिक्षा परिषद् ने सभी का धन्यवाद किया।

एकल विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही सुंदर देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी (ट्रस्टी एवं महाशतकवीर, BLSP) के परिवार द्वारा वनयात्रा



शिक्षित, स्वस्थ एवं समर्थ राष्ट्र के निर्माण में समर्पित भाव से सेवारत भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्टी एवं महाशतकवीर श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी की पुत्रवधु श्रीमती पूजा गुप्ता, पौत्र श्री यश गुप्ता एवं पौत्री द्वारा 25 दिसंबर 2024 को शामली अंचल के दो एकल विद्यालयों पहला बीबीपुर जो भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्टी एवं महाशतकवीर श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी के सहयोग से और दूसरा सेवापुर जो भारत लोक शिक्षा परिषद् के सलाहकार बोर्ड के सदस्य एवं महाशतकवीर श्री नंदकिशोर अग्रवाल जी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है उसकी वनयात्रा की गयी |

वनयात्रा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे एकल विद्यालयों की संचालन प्रणाली को समझना, विद्यालयों को प्रत्यक्ष रूप से देखना और एकल विद्यालय के माध्यम से गांवों में होने वाले आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों को जानना था | इस वनयात्रा के माध्यम से सभी लोगों ने एकल विद्यालय को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उसकी संचालन प्रणाली को अच्छी तरह से समझने का प्रयास भी किया |





श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी के पौत्र श्री यश गुप्ता जी ने एकल विद्यालय के आचार्यों एवं कार्यकर्ताओं को मिट्टी का बना हुआ वॉटर प्युरिफायर उपहार स्वरुप वितरित किया, साथ ही उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए साफ जल का हमारे जीवन में कितना महत्त्व है इसके बारे में बच्चों एवं ग्रामीण परिवारों को जानकारी दी |

एकल विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदन, प्रातःस्मरण, एकल ध्येय वाक्य, संस्कृत के मन्त्रों का उच्चारण करके अपनी प्रतिभा से लोगों को स्तब्ध कर दिया | इतने कम संसाधनों में एकल विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा के प्रति लगाव एवं अपनी संस्कृति का ज्ञान देखकर सभी को बड़ा ही सुखद अनुभव प्राप्त हुआ | एकल विद्यालय के बच्चों ने गिनती और पहाड़े भी सुनाये और खेल के माध्यम से पढ़ाए जाने वाली विधि से सभी का मन मोह लिया |

# शामली एकल विद्यालय की वनयात्रा



श्री यश गुप्ता जी ने बहुत रिसर्च के बाद लोगों को अपनी माटी के साथ जुड़े रहने और बहुत कम खर्च में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह वॉटर प्युरिफायर बनाया है | जिसे गांव- गांव तक पहुँचाने का प्रयास एकल के माध्यम से भी किया जा रहा है| मिट्टी का बना हुआ यह अल्ट्रा फिल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित, नॉन-इलेक्ट्रिक, ग्रेविटी वॉटर प्यूरीफायर है, जिसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पानी को साफ़ करने के साथ-साथ पानी को ठंडा भी रखेगा | इस वनयात्रा को सफल बनाने में संभाग, भाग, अंचल एवं संच समिति के कार्यकर्ता एवं ग्राम समिति के सदस्यों का भी भरपूर सहयोग मिला |

**अनुभव कथन -**

**श्रीमती पूजा गुप्ता (वनयात्री)** –

एकल विद्यालय को देखकर मैं हर्षित हो उठी, ग्राम समिति द्वारा जोश और उत्साह के साथ स्वागत, ग्रामीण परिवारों का प्यार और स्नेह एवं बच्चों का जोश और उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगा | मन आनंदित हो गया | मैं पहली बार वनयात्रा पर गयी एकल विद्यालय द्वारा गांवों में होने वाले परिवर्तनों जैसे बच्चों में संस्कार, पोषण वाटिका, जैविक खाद, एकल संध्या भजन जिससे मैं बहुत प्रभावित हुई | मैं अपने आपको भाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे एकल विद्यालय देखने, ग्रामीण परिवेश को समझने और ग्रामीण परिवारों के साथ मिलकर भोजन करने का सौभाग्य मिला | शिक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण में एकल बहुत बड़ा कार्य कर रहा है |





**श्री यश गुप्ता (वनयात्री)** –

मैं पहली बार एकल विद्यालय में आया और यहाँ पर बच्चों के जोश उत्साह एवं ग्रामीण परिवारों का स्नेह देखकर बहुत अच्छा लगा |

**ग्रामीण -**

श्री सुरेंद्र पाल गुप्ता जी जो हमारे गाँव में संचालित हो रहे एकल विद्यालय के दानदाता हैं, उनको बहुत बहुत धन्यवाद, क्योंकि जब से मेरे गांव में एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं उससे बहुत परिवर्तन हुआ है जैसे- बच्चों में संस्कार, साफ़ सफाई, पोषण वाटिका आदि |

# भारत लोक शिक्षा परिषद्, CSR विभाग द्वारा एकल के प्रचार-प्रसार के लिए की गयी बैठक



भारत लोक शिक्षा परिषद्, CSR विभाग द्वारा रविवार, 29 दिसंबर 2024 को श्री करन गर्ग जी (President, CSR For All Committee) नेतृत्व में 8, कौटिल्य मार्ग, डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 35 लोगों ने भाग लिया, जिसमें से 29 नए लोग शामिल हुए |

बैठक का मुख्य उद्देश्य एकल का परिचय, एकल का प्रचार-प्रसार, एकल द्वारा किये जा रहे राष्ट्रनिर्माणकारी कार्यों के बारे में लोगों को बताना और उन्हें एकल से जोड़ना एवं धन संग्रह करना था |

**श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री, भारत लोक शिक्षा परिषद्) -** ने एकल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एकल द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और CSR में सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया | राजीव अग्रवाल जी ने एकल के बारे में- एकल क्या है, कैसे काम करता है, विद्यालय में क्या पढ़ाया जाता है, BLSP का कार्य क्षेत्र क्या है इन सब के बारे में सभी को अवगत कराया | एकल विद्यालय का प्रभाव और ग्रामीण क्षेत्रों में एकल से होने वाले सामाजिक, आर्थिक परिवर्तनों के बारे में भी विस्तार से बताया | उन्होंने CSR प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग सिस्टम के बारे में भी जानकारी दी | बैठक में बजट आउटले, सर्टिफिकेशन, एकल इम्पैक्ट, नक्सलबाद, धर्मांतरण आदि से संबंधित लोगों द्वारा पूछे गये सवालों का जबाब देकर, एकल के प्रति लोगों की उत्सुकता को शांत किया |





बैठक में सीए (डॉ) राज चावला जी (President- CSR Corporates Committee) एवं श्री प्रवीण खंडेलवाल जी (Vice-President-CSR All Committee) ने भी एकल के बारे में अपना अनुभव साझा किया | एकल के कार्य से प्रभावित होकर कई लोगों ने एकल में सहयोग करने एवं एकल से जुड़ने की भी इच्छा व्यक्त की |

श्री करन गर्ग जी ने सभी लोगों को एकल से जुड़ने की अपील की और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हृदय से धन्यवाद किया |



**BLSP राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी VLS फाइनेंस लिमिटेड के एमडी, सीएफओ और कॉर्पोरेट सीएसआर हेड के साथ बैठक**

## आगामी कार्यक्रम



# हमारे एकल दानदाता (अक्टूबर – नवंबर – दिसंबर 2024)

## महाशतकवीर (1000 विद्यालय)

**Shri Surender Gandhi**
Dewan and Sons

**Shri Ashok Aggarwal**
Globe Capital Foundation

**Shri Surender Pal Gupta**
Laxcon Steel Ltd.

**ONGC**
Oil and Natural Gas Corporation Limited

**Shri Sunil Goyal**
Bhushan Pharmaceutical Pvt Ltd.

**Shri Rakesh Tainwala**
Abhishri Packaging Private Limited

## (10 से 50 विद्यालय)

**Shri Anil Mittal**
GOIP Global Services Pvt. Ltd.

**Shri Anubhuti Charity Club**

**Shri Ashish Garg**
Aska Equipments Pvt. Ltd.

**Shri Bharat Garg**
Karan Letex Ltd.

**DLF Qutab Enclave Complex**

**IFCI Infrastructure Development Ltd.**

**Shri Sushil Aggarwal**
Haldiram Foods International Pvt Ltd

**Shri Tarsem Chand Gupta**
Crimson Financial Services Pvt. Ltd

**United Drilling Tools Ltd.**

**VLS Finance Limited**

## शतकवीर (100 विद्यालय)

**Shri Arun Gupta**
Jaksons Developers Private Limited

**Shri Sunil Goel**
Numax Realcon Private Limited

**Shri M. S. Mittal**
Nani Resorts & Floriculture Pvt. Ltd.

**Shri Ashok Khanna**
Spring Garden

**Smt. Darshna Goel**

**GAIL India Limited**

**Indian Railway Finance Corp. Ltd. (IRFC)**

**Indraprastha Gas Limited (IGL)**

**Shri Rajendra Gupta**
BR Agrotech Limited

**Shri Uma Shankar Halwasiya**
D P Halwasiya Foundation

**Safexpress Pvt Ltd**

**Shri Subhash Chand Aggarwal & Shri Mahesh Chand Gupta**
SMC Group

**Shri Vijay Kumar Gupta & Varun Gupta**
Calco Poly Technik Pvt. Ltd.

**Shri Vivek Jain**
Bimal Saroj Charitable Society

**Shri Nand Kishore Aggarwal**
Crystal Crop Protection Ltd.

**Shri Ramesh Kumar Boppana**
BGS SGS Soma Joint Venture

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय

Smt. Abha Bansal
Ms. Adhya Bansal
Sh. Ajay Aggarwal
Sh. Akshay Panday
Sh. Anil Aggarwal
Smt. Anita Kansal
Smt. Anju Agarwal
Smt. Anju Bala Jain
Sh. Ankit Aggarwal
Smt. Anu Gupta
Sh. Anveshan Goel
Sh. Arvind Garg
Smt. Asha Bansal
Sh. Ashish Gupta
Sh. Bhagat Ram Singhal
BPCL
Sh. Brigadier Adarsh Bhardwaj
CA Vijay Kapur
CA Vinod Kumar Bindal
Sh. Chander Vikas
Delhi Premier Rotary Service Foundation
Sh. Devendra Kumar Bansal
Sh. Devendra Rewatkar
Sh. Dipesh Gupta
Dr. Tarun Kapoor
Dr. V.B. Aggarwal
Sh. Gaurav Gupta
Sh. Gauri Shanker Bhaniramka
Good Luck Publishers Ltd.
Sh. Gopal H. Sutwala
Sh. Jai Prakash Saini
Sh. Jogander lal Johar
Smt. Jyoti Agarwal
Sh. K.G.Aggarwal
Sh. K.G.Gupta
Kashi Jewellers
Smt. Kavita Bhansali
Sh. Krishan Kishore Aggarwal
Sh. Kuldeep Singh
Smt. Madhu Bala Pal
Smt. Madhur Rastogi
Sh. Manish Arora
Sh. Manoj Agarwal
Sh. Narender Singh
Sh. Narendra Nath Srivastava
Sh. Naresh Bhatia
Sh. Naveen Kumar Aggarwal
Smt. Nidhi Jain Sabharwal
Sh. Om Prakash Vijay Vergia
Sh. Panna Lal Baid
Sh. Parikshit Pal
Ms Pooja Gupta
Sh. Pradeep Kumar Srivastav
Sh. Prakash Kanodia
Sh. Pream Chand Jindal
Smt. Pushplata Agarwal
Sh. R.K. Arora
Sh. Radhesh Chander Pal
Sh. Rajat Malhotra
Sh. Rajeev Bansal
Sh. Rajesh kumar Sachdev
Rajgarhia Food Products Private Limited
Sh. Rajinder Singhal
Sh. Rajiv Bhartiya
Sh. Rajiv Kwatra
Sh. Rakesh Kumar Rastogi
Sh. Ram Kishore Goya
Sh. Ram Raj Bansal
Sh. Ran Singh Jakhar
Sh. Ravi Prakash, Smt. Mamta Jaiswal
Sh. Ravindra Nath Goel
Smt. Rekha Sutwala
Smt. Ritu Gupta
Sh. Sandeep Kumar
Sh. Sanjay Saini
Sh. Sanjeevan Gupta
Smt. Saroj Bansal
Sh. Satpal Malhotra
Sh. Satya Parkash
Smt. Shakuntla Arora
Sh. Shashank Shekhar Bansal
Smt. Shikha Khemka
Sh. Shiv Charan Lal Gulati
Smt. Shivani Gupta
Sh. Shyam Sunder Prasad
Silver Collections Pvt. Ltd
Smt. Simmi Kwatra
Smt. Simmi Saini
Smt. Smita Mehrotra
Sh. Sunil Gupta
Sh. Sunil Monga
Sh. Surender Patel
Sh. Surender Singh
Sh. Sushil Chandra
Sh. Sushil Kumar Agarwal
Sh. Tapan Gupta
Sh. Tara Chand Madan
Sh. Vibhu Pal
Sh. Vijay Kapoor
Sh. Vijay Pratap
Sh. Vijendra Kumar Gupta
Sh. Vipin Kumar Singhal
Sh. Vishal Gupta

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**
**एकल अभियान**

प्रिय पाठक.... एकल प्रणाम

बंधुओं एकल अभियान ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों को शिक्षित, स्वस्थ और समृद्ध बनाने के साथ ही साथ उनके अन्दर राष्ट्रवाद की भावना को भी विकसित करने का कार्य कर रहा है |

यह बड़े हर्ष का विषय है कि देश के जिन सीमावर्ती क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं वहां पर घुसपैठ की समस्या बहुत कम हो गयी है, जिन गांवों में एकल विद्यालय चल रहे हैं वहां पर नशाखोरी की समस्या में भी कमी आई है अर्थात् एकल केवल शिक्षा देने का ही कार्य नही कर रहा है बल्कि एक राष्ट्र प्रहरी के रूप में कार्य कर रहा है | देश के जनजातीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हो रहे धर्मांतरण को रोकने में भी एकल मील का पत्थर साबित हो रहा है |

आप सभी बंधुओं से मेरा अनुरोध है कि एकल के इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करें |

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| तीस एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 9,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |
| भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है | | |

DONATE NOW

## एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

### Only For 80G:

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

### Only for CSR:

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं,जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

For More Info.


मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org


एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad